पत्रांक – SS/Quality/1489 दिनांक 7.10.2023

प्रेषक :–

जिला शिक्षा पदाधिकारी

नवादा

सेवा में,

प्राचार्य / प्रधानाध्यापक / प्रभारी प्रधानाध्यापक जिला के सभी कोटि के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों / उच्च विद्यालयों / कन्या विद्यालयों तथा मध्य विद्यालयों एवं स्वतंत्र विद्यालयों के लिये–

विषयः– **31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस 2023 के सहभागिता हेतु।**

प्रसंग :– **निदेशक राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद बिहार पटना के**

ज्ञापांकः– **1050 दिनांक 25 मई 2023 के आलोक में।**

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषय के आलोक में अंकित करना है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद भारत सरकार के सौजंन्य से 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस सभी जिला में सम्पन्न होने जा रहा है। यह आयोजन सायंस फॉर सोसाइटी बिहार द्वारा एस0सी0ई0आर0टी0 बिहार विज्ञान प्राद्योगिक विभाग बिहार तथा शिक्षा विभाग बिहार पटना के सहभागिता से सम्पन्न होगा। इस वर्ष का विषय है "स्वास्थ्य और कल्याण के लिए पारितंत्र, को समझना"

दिनांक 11.10.2023 को 10:30 बजे कन्या इण्टर विद्यालय, नवादा में सम्पन्न होगा।

निदेशक राज्य शिक्षा शोध प्रशिक्षण परिषद बिहार पटना के पत्र के अनुसार निम्नलिखित निर्देश का पालन जरूरी है।

1. इसमें 10 वर्ष से 17 वर्ष के बच्चे भाग लेंगें जो ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से होंगें। 10 से 13 वर्ष के बच्चे ग्रुप 'ए' तथा 14 से 17 वर्ष के बच्चे ग्रुप 'बी' में भाग लेंगें।
2. निर्देशक के पत्र के कण्डिका 4 के अनुसार परियोजना हेतु कार्य में विद्यालय 500/– (पाँच सौ रूपये) की राशि विद्यालय कोष से खर्च कर सकती है।
3. जिला से चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय के लिए मधेपुरा जायेंगें। इनका यात्रा भत्ता विद्यालय कोष से देय होगा तथा रात्री विश्राम व्यवस्था, भोजन व्यवस्था आयोजन समिति वहन करेगी।
4. जो विद्यालय अंशदान की राशि जमा नहीं किये हैं वे 100/– (एक सौ रूपये) की अंशदान की राशि जमा कर रसीद प्राप्त कर लेंगें। अन्यथा उन्हें प्रतिभागिता नहीं दी जायेगी।

Scanned with CamScanner

5. सभी कोटि के विद्यालय के प्राचार्य अपने–अपने विद्यालय से एक परियोजना अवश्य रूप से भेजें। किसी विद्यालय से दो ही परियोजना स्वीकृत की जाएगी।

6. प्रत्येक विद्यालयों की उपस्थिति दर्जिकरण सूचना निदेशक एस0सी0ई0आर0टी0 बिहार पटना को भेजी जायेगी।

7. दिनांक 11.10.2023 को परियोजना रिपोर्ट की जाँच होगी उसमें प्रत्येक विद्यालय से दो बाल वैज्ञानिक एवं उनके मार्ग दर्शक शिक्षक आयेंगे।

8. दिनांक 11.10.2023 को परियोजना का प्रस्तुतिकरण होगा तथा राज्य स्तरीय के लिए चयन किया जायगा चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय कार्यक्रम हेतु मधेपुरा जायेंगें।

06/10/2023

जिला शिक्षा पदाधिकारी

नवादा

पत्रांक SS/Bal/24/1489 दिनांक 7.10.2023

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य कन्या इण्टर विद्यालय, नवादा
2. प्रतिलिपि जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस नवादा को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
3. जिला शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक, नवादा
4. क्षेत्रिय उप निदेशक, मगध प्रमंडल, गया

06/10/2023

जिला शिक्षा पदाधिकारी

नवादा

दिनांक : 11.10.2019

Scanned with CamScanner